**जनपद हमीरपुर**

दिनांक 14.09.2026

## पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा तीजा मेला स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था का लिया गया जायजा।

आज दिनांक 14.09.2026 को पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा थाना सुमेरपुर क्षेत्रान्तर्गत प्रचलित तीजा मेला स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा मेला परिसर में श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन तथा पुलिस बल की तैनाती का निरीक्षण किया गया। साथ ही सीसीटीवी कंट्रोल रूम, महिला हेल्प डेस्क एवं पुलिस चौकी का निरीक्षण कर संबंधित पुलिसकर्मियों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली गई। इस अवसर पर मेला ड्यूटी में तैनात संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, मेला क्षेत्र में लगातार निगरानी रखने, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने तथा महिला एवं बाल सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक पुलिस प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया।

हमीरपुर पुलिस द्वारा मेला स्थल पर श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुरक्षा, सुगम आवागमन तथा शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल के साथ लगातार सतर्कता एवं निगरानी की जा रही है।










पुलिस चौकी
थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर उत्तर प्रदेश

